Discrat wise of *Klturemlt Exhanges sut-up till june 1994 and not yet*

District	Place	Reasons
Guntur	Narasaraopet	
Nellore	Kavali, Naidupet	
Cuddapah	Proddtur	
Ananthpur	Guntakal	Acceptance Testing in progress and yet to be completed.
Kurnool	Nandyal, Nandikothur	
Mahboobnagar	Kothur, Nagarkurnool, Miryalaguda	
Medak	Gajwal	
Nizamabad	Nizamabed	
Adilabad	Mancherial, Nirmal	
Karimnagar	Karimnagar, Godavarikhani	
Khammam	Heavy Water, Plant, Manuguru	

शोलापुर जिले में एस०टी०डी० सुविधा वाले स्थान

1891. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शोलापुर जिले के उन स्थानों के नाम क्या हैं जिन्हें 1994–95 के अन्त तक एस.टी.डी. सुविधा से जोड़े जाने की संभावना है ; और

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां उक्त अवधि तक नये एक्सचेंज खोले जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) शोलापुर जिले के मोदनिम्ब, बेलापुर बहमनपुरी, कुर्डुवाडी और मैंतफालको को मार्च, 1995 तक एस.टी.डी. नेटवर्क के साथ जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों।

(ख) महाराष्ट्र राज्य में 1994–95 के दौरान 25 डाकघर खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जिलेवार आवंटन को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

जिला और पंचायत स्तर पर सलाहकार समितियों का गठन

1892. श्री आस मोहम्मद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जिला और पंचायत स्तर पर सलाहकार समितियों का गठन करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?